जन संपर्क एवं मीडिया समन्वयक कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति 09 मई 2019

जामिया की मशहूर आरसीए में यूपीएससी परीक्षाओं के लिए मुफ्त कोचिंग की दाखिला प्रक्रिया शुरू

केन्द्रीय लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के लिए मुफ्त तैयारी कराने वाली जामिया मिल्लिया इस्लामिया की मशहूर रेज़िडेन्शल कोचिंग अकादमी:आरसीएः में नए उम्मीदवारों की दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। आरसीए से तैयारी करने वालों में से अब तक 190 छात्र सफलता हासिल कर चुके हैं। इनमें साल 2018 में तीसरे नम्बर पर आने वाले जुनैद अहमद शामिल हैं। इसके अलावा 245 अन्य उम्मीदवार दीगर केन्द्रीय और प्रांतीय सेवाओं के लिए भी चुने गए।

यह अकादमी अल्पसंख्यकों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति और महिलाओं:सभी समुदायों कीः से कुल 150 उम्मीदवारों को लोक सेवाओं: प्रिलिमनेरी और मेन: के लिए मुफ्त कोचिंग के साथ ही होस्टल सुविधाएं भी मुहैया कराती है। दाखिला पाने वाले 20 प्रतिशत छात्रों को 2000 रूपए हर महीने स्काॅलरशिप के तौर पर दिए जाते हैं। यह स्काॅलरशिप छात्रों की माली हालत और मेरिट के आधार पर दी जाती है।

इच्छुक उम्मीदवार 25 जून, 2019 तक **www.jmicoe.in** पर आनलाइन दाखिले के फार्म भर सकते हैं।

अकादमी, 12 केन्द्रों -- दिल्ली, श्रीनगर, जम्मू, हैदराबाद, जयपुर, मुंबई, लखनऊ , गुवाहाटी, पटना, बेंगलूरू, त्रिवेंद्रम और चेन्नई में प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन करेगी।

लिखित परीक्षाओं में यूपीएससी माॅडल पर सामान्य ज्ञान:आब्जेक्टिव टाईपः और अंग्रेज़ी, हिन्दी तथा उर्दू में एस्से राईटिंग 7 जुलाई 2019, रविवार, को सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक होंगी। परीक्षा में आब्जेक्टिव टाईप प्रश्नों पर नगेटिव मार्किंग होगी। एक गलत उत्तर पर एक तिहाई अंक काट लिए जाएंगे।

प्रवेश परीक्षाओं के नतीजे 30 जुलाई 2019 को जारी किए जाएंगे और इंटरव्यू:टेंटेटिवः 5 अगस्त से 10 अगस्त 2019 के बीच होंगे। सफल उम्मीदवारों के अंतिम परिणाम 20 अगस्त को जारी किए जाने की संभावना है। दाखिला प्रकिया 27 अगस्त, 2019 तक पूरी कर ली जाएगी।

सीट खाली होने की स्थिति में वेटिंग लिस्ट के लिए उम्मीदवारों का रजिस्ट्रेशन 28 अगस्त, 2019 को होगा और दाखिला प्रक्रिया 30 अगस्त 2019 तक पूरी हो जाएगी।
चयनित उम्मीदवारों की ओरिएन्टेशन क्लास 03 सितंबर 2019 को सुबह 11 बजे होगी।

उम्मीदवार हेल्पलाईन इन नंबर और ईमेल आई डी पर संपर्क कर सकते हैः 9836219994, 9836289994, 9836319994 admission@jmicoe.in , mtarique@jmi.ac.in

अहमद अज़ीम
जनसंपर्क अधिकारी एवं मीडिया संयोजक